**SET-4**

**Series BVM/C**

कोड नं.
**Code No. 62**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

(i) *प्रश्नों की कुल संख्या **25** है ।*

(ii) ***सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1 – 14** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **15 – 21** तक दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **22 – 25** तक अति दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या **25** का उत्तर दिए गए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

***General Instructions :***

(i) *There are **25** questions in all.*

(ii) ***All** questions are **compulsory**.*

(iii) *Questions no. **1 – 14** are short-answer type questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

(iv) *Questions no. **15 – 21** are long-answer type questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

(v) *Questions no. **22 – 25** are very long-answer type questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words. Question no. **25** is to be answered on the basis of the passage given.*

## खण्ड क
## SECTION A

**1.** प्रभुत्वशाली जाति का क्या अर्थ है ? *2*

What is the meaning of dominant caste ?

**2.** भारतीय दर्शकों के प्रति टी.एन.सी. ने अनुकूलन कैसे किया ? *2*

**अथवा**

सांस्कृतिक उपभोग नगरों की वृद्धि को बहुत हद तक आकार देता है । कैसे ? *2*

In what ways have TNC's adapted to Indian audience ?

**OR**

Cultural consumption shapes to a large extent the growth of cities. How ?

**3.** पण्यीकरण क्या होता है ? *2*

What is commodification ?

**4.** किसानों और कृषकों के बीच अंतर बताइए । *2*

Differentiate between peasants and farmers.

**5.** औद्योगीकरण ने डी-औद्योगीकरण को किस प्रकार प्रेरित किया ? *2*

**अथवा**

भारत पर पश्चिमी शिक्षा का क्या प्रभाव पड़ा ? *2*

How did industrialization lead to de-industrialisation ?

**OR**

What was the impact of western education on India ?

**6.** समाजशास्त्रियों ने बाज़ार को सांस्कृतिक रूप से विशिष्ट तरीके से बनाई गई सामाजिक संस्था के रूप में देखा । उदाहरण सहित इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *2*

Sociologists view market as social institutions that are constructed in culturally specific way. Give examples to justify the statement.

**7.** डिजिटल विभाजन का अर्थ क्या है ? *2*

What is the meaning of digital divide ?

**8.** संचार मीडिया (जनसंपर्क माध्यम) ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के बीच अंतर को किस प्रकार पाटा ? *2*

How is mass media bridging the gap between rural and urban areas ?

**9.** किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा बताइए कि पारंपरिक ज्ञान व्यवस्था के विभिन्न रूपों को संरक्षित किया गया है और इन्हें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित किया गया है । *2*

**अथवा**

हम में से अधिकांश विरल वात (thin air) से पैसा कमा लेते हैं; हम ऐसा कुछ उत्पादित नहीं करते हैं जिसे तोला, छुआ या आसानी से मापा जा सकता हो । ‘विरल वात व्यवसाय’ के कोई दो उदाहरण दीजिए । *2*

Give any two examples to state that various forms of traditional knowledge systems have been preserved and passed on from one generation to another.

**OR**

Most of us make our money from thin air; we produce nothing that can be weighed, touched or easily measured. Give any two examples of ‘thin air businesses’.

**10.** 'टेलरिज़्म' शब्द से आप क्या समझते हैं ? *2*

What do you understand by the term 'Taylorism' ?

**11.** पूर्वी यूपी और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में हाल के वर्षों में अंतर-जातीय हिंसा क्यों हुई ? *2*

Why have areas such as Eastern UP and Telangana witnessed inter-caste violence in recent years ?

**12.** पंचायतों के लिए आमदनी के मुख्य स्रोत क्या हैं ? *2*

**अथवा**

ग्रामीण समाज में ग्राम सभा की भूमिका बताइए । *2*

What are the main sources of income for panchayats ?

**OR**

State the role of gram sabha in village society.

**13.** उन तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनसे दुनिया तेजी से एक-दूसरे से जुड़ रही है । *2*

Mention the ways in which the world is increasingly getting connected.

**14.** 'बेगार' शब्द का मतलब क्या है ? *2*

**अथवा**

'रैयतवाड़ी' व्यवस्था क्या होती है ? *2*

What does the term 'begar' mean ?

**OR**

What is 'Ryotwari' system ?

## खण्ड ख

## SECTION B

**15.** स्वतंत्र भारतीय राज्य ने औद्योगीकरण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाई । कैसे ? *4*

**अथवा**

औपनिवेशिक काल के दौरान राष्ट्र-राज्य एक प्रभुत्वशाली राजनीतिक शक्ति के रूप में उभारा । व्याख्या कीजिए । *4*

Independent Indian State played an active role in promoting industrialization. How ?

**OR**

Nation-state became the dominant political form during the colonial period. Explain.

**16.** आधुनिक और सम्पन्न भारत के बारे में नेहरू जी की परिकल्पना क्या थी ? *4*

Envisage Nehru's vision of modern and prosperous India.

**17.** अध्ययनों से पता चला है कि विभिन्न समाजों में परिवार विविध रूपों में पाया जाता है । विस्तार से बताइए । *4*

**अथवा**

आज कई जनजातियों की पहचान ग़ैर-जनजातीय दुनिया की जबरदस्त ताकत के प्रतिरोध और विपक्ष के विचारों पर केंद्रित है । आज आदिवासी पहचानों के दावे के कारणों पर चर्चा कीजिए । *4*

Studies have shown that diverse family forms are found in different societies. Elaborate.

**OR**

Many tribal identities today are centered on ideas of resistance and opposition to the overwhelming force of the non-tribal world. Discuss the factors behind the assertion of tribal identities today.

**18.** उदारीकरण के बाद भारत में एफ.एम. स्टेशनों में होने वाली संभावना पर चर्चा कीजिए । *4*

Discuss the potential that FM stations have in post-liberalized India.

**19.** अल्पसंख्यकों को संवैधानिक सुरक्षा क्यों दी जानी चाहिए ? *4*

**अथवा**

भारत को 'राष्ट्र-राज्य' का एक अच्छा उदाहरण कैसे माना जा सकता है ? *4*

Why should minorities be given constitutional protection ?

**OR**

How can India be considered a good example of a 'nation-state' ?

**20.** ठेकेदारी व्यवस्था के माध्यम से नौकरी में भर्ती कैसे होती है ? *4*

How does job recruitment takes place through the contractor system ?

**21.** राज्यों ने आत्मसात्मीकरण और एकीकरणवादी रणनीतियों के माध्यम से राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने का प्रयास कैसे किया ? *4*

How do states try to establish national identities through assimilationist and integrationist strategies ?

## खण्ड ग

## SECTION C

**22.** ग्रामीण लोगों के लिए नगर एक पसंदीदा स्थान क्यों हैं ? *6*

**अथवा**

परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता और विफलता का विश्लेषण कीजिए । *6*

Why are cities a preferred destination for rural people ?

**OR**

Analyse the success and failure of the family planning programme.

**23.** एक अवधारणा के रूप में संस्कृतीकरण की आलोचना करने वाले विभिन्न स्तरों की जाँच कीजिए । *6*

**अथवा**

पश्चिमीकरण के विभिन्न पहलुओं की विवेचना कीजिए । *6*

Examine the different levels at which Sanskritzation has been criticized as a concept.

**OR**

Discuss the various aspects of Westernization.

**24.** पर्यावरण आंदोलन अक्सर आर्थिक और पहचान के मुद्दों को भी इंगित करते हैं । उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

भारत में पुराने और नए सामाजिक आंदोलनों के बीच स्पष्ट अंतर करना मुश्किल है । विवेचना कीजिए । *6*

Environmental movements often also indicate to economic and identity issues. Explain it by giving suitable example.

**OR**

In India it is difficult to make a clear distinction between the old and new social movements. Explain.

**25.** दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

पुरुषों और स्त्रियों के बीच जैविक और शारीरिक स्पष्ट अंतरों के कारण अक्सर यही समझा जाता है कि लैंगिक असमानता प्रकृति की ही देन है । किंतु इस बाहरी दिखावट के बावजूद विद्वानों ने यह भी दर्शा दिया है कि पुरुषों और स्त्रियों के बीच असमानताएँ प्राकृतिक नहीं, बल्कि सामाजिक हैं । उदाहरण के लिए, ऐसे कोई जैविक कारण नहीं दिखाई देते जिनसे यह स्पष्ट हो सके कि सार्वजनिक शक्तिसंपन्न पदों पर स्त्रियाँ इतनी कम संख्या में क्यों पाई जाती हैं और न ही प्रकृति में इस प्रश्न का कोई स्पष्ट उत्तर मिलता है कि अधिकांश समाजों में आमतौर पर स्त्रियों को पारिवारिक संपत्ति का छोटा हिस्सा क्यों मिलता है अथवा बिल्कुल नहीं मिलता । लेकिन जिन समाजों का स्वरूप 'सामान्य' से हटकर है, उनकी ओर से इस असमानता के विरोध में एक प्रबलतम तर्क दिया जाता है कि यदि स्त्रियाँ परिवारों की मुखिया बनने और पारिवारिक संपत्ति को उत्तराधिकार में पाने के लिए जैविक रूप से अयोग्य थीं तो फिर मातृवंशीय समाज (जैसे केरल का नायर समाज होता था और मेघालय का खासी समाज जो आज भी मातृवंशीय है) सदियों तक सफलतापूर्वक क्यों चलते रहे ? अनेक अफ्रीकी समाजों में स्त्रियाँ किसानों तथा व्यापारियों के रूप में अपना काम सफलतापूर्वक कैसे करती रही हैं ? संक्षेप में, पुरुषों तथा स्त्रियों के बीच असमानता का कोई जैविक कारण नहीं है ।

(अ) 'जेंडर' शब्द का अर्थ क्या है ? *2*

(ब) स्वतंत्रता से पूर्व महिलाओं की समानता एवं अधिकारों के संघर्ष की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । *4*

Read the given passage and answer following questions :

Because of the obvious biological and physical differences between men and women, gender inequality is often treated as natural. However, despite appearances, scholars have shown that the inequalities between men and women are social, rather than natural. For example, there are no biological reasons that can explain why so few women are found in positions of public power. Nor can nature explain why women generally receive a smaller or no share in family property in most societies. But the strongest argument comes from the societies that were different from the 'normal' or common pattern. If women were biologically unfit to be inheritors and heads of families, how did matrilineal societies (as the Nairs of Kerala used to be, and as the Khasis of Meghalaya still are) work for centuries ? How have women managed to be successful farmers and traders in so many African societies ? There is, in short, nothing biological about the inequalities that mark the relations between women and men.

(a) Give the meaning of word 'gender'.

(b) Briefly explain the struggle for women's equality and rights before independence.